हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

बिलासपुर, मंगलवार, 24 मार्च 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 संजय वन वाटिका के अस्तित्व पर गहराया संकट



हरीभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने रखी अपनी बात, क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हुआ विचार मंथन

# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करना चाहिए विकास के लिए प्रयास

**रामानुजगंज।** प्रदेश की भाजपा सरकार के 2 साल के कार्यकाल और विकास कार्यों को लेकर चल रहे हैं संवाद कार्यक्रम के सिलसिले में हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा जिला अध्यक्ष, और विपक्ष के नेताओं से चर्चा की। इस चर्चा में यह बात निकलकर सामने आई कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर रामानुजगंज एवं जिले के विकास के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस दौरान दोनों ओर से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप भी लगे और अपनत्व के साथ के साथ हंसी ठिठौली भी हुई।

### जो सत्ता में होगा उसे काम करना पड़ेगाः डॉ. तिर्की

चर्चा के क्रम में अंबिकापुर के पूर्व महापौर और बलरामपुर रामानुजगंज की धरती से जुड़े हुए कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की से चर्चा हुई। डॉ. तिर्की ने कहा कि रामानुजगंज मेरा पैतृक गांव है यहां के लोगों ने मुझे प्यार, अपनापन दिया। मैने भी यहां लोगों की सेवा की। उन्होंने कृषि मंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पक्ष में पक्ष चलता रहता है लेकिन 35 साल मंत्री और विधायक रहने के बाद भी उन्होंने क्षेत्र के लिए काम नहीं किया। अंबिकापुर से रामानुजगंज 1 घंटे में पहुंचना चाहिए था लेकिन सड़क की स्थिति खराब है, क्षेत्र के कॉलेज में शिक्षक होने चाहिए थे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर युवाओं को कलेक्टर एसपी बनकर निकालना चाहिए थे लेकिन वह स्थिति आज तक नहीं बन पाई। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं अपने बच्चों को पीजी का एग्जाम दिलाया 2025 में परीक्षा देने के बाद 2026 में एडमिशन हो सका। इस एक साल के कीमत की भरपाई कौन करेगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज से पहले जिले में जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस के 5 साल के कार्यकाल में सुविधाओं के विस्तार नहीं होने को लेकर डॉ. तिर्की ने कहा कि टीएस सिंह देव के स्वास्थ्य मंत्री रहते जिला अस्पताल में डायलिसिस सोनोग्राफी की सुविधा हुई विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की गई, कोरोना काल में ऑक्सीजन प्लांट से लेकर अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की गई। सत्ता में जो रहेगा उसे काम करना पड़ेगा। सड़कों को लेकर उन्होंने कहा कि पूर्व में सड़कों की स्थिति इतनी खराब नहीं थी वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग पर टू लेन सड़क की स्वीकृति हुई लेकिन काम शुरू होने में सालों लग गए जबकि अंबिकापुर से रायपुर के बीच सड़क निर्माण हेतु एनओसी मिलने में कोई कठिनाई नहीं हुई थी तो फिर रामानुजगंज के लिए अलग से नियम क्यों इसलिए सभी को मिलकर जिले के विकास के लिए काम करना चाहिए।



सोमवार को हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी।

### नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा- मैं जनता का सेवक हूं, उनकी सेवा करना ही मेरा धर्म

नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि मैं जनता का सेवक हूं और जनता की काम के लिए जिसके शरण में जाना पड़ेगा जाऊंगा। निरंतर कर्म करना ही मेरा धर्म है। हमें सरकार के साथ तालमेल बिठाकर क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाना है, समय पर उचित बातें रखना चाहिए लेकिन बेवजह विरोध करना अच्छी बात नहीं है। मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं लेकिन जनता के लिए काम मेरी पहली प्राथमिकता है। पहली बार नगर पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद मैंने सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने का काम सुनिश्चित किया। आज नगर में 1 हजार से अधिक टेप नल कनेक्शन है,125 विद्युत पोल स्थापित किया, सड़कों का जाल बिछाया। नगर पालिका क्षेत्र में मृत्यु के बाद अंतिम क्रिया कर्म के लिए न्यूनतम राशि पर लकड़ी उपलब्ध कराई जाती है। कन्या विवाह के लिए हर जरूरतमंद को 5100 दिया जाता है, प्राइमरी स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ। नागरिकों के लिए सभी छोटे-बड़े काम हमने किए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का कार्यकाल स्वर्णिम रहा और उनके कार्यकाल में अनेकों काम हुए। जिला एवं सत्र न्यायालय डॉ. रमन और राम विचार नेताम की देन है।

### ठेकेदार को एनएच निर्माण में लानी चाहिए तेजीः राम किशुन

सहकारी बैंक के अध्यक्ष राम किशुन सिंह में कहा कि मै संगठन का कार्यकर्ता हूं। संगठन का काम करेंगे और पार्टी का विश्वास जीतेंगे तो हमें अवसर मिलते रहेंगे। पार्टी में सिपाही से सेनापति बनने का अवसर मिलता है, क्षेत्र में जनता के आशीर्वाद से लगातार काम करने का मौका मिला है। जिस पद पर रहा उसे दायित्व को बखूबी निभाया है। मैने जनपद में रहते हुए चांदो जैसे पिछड़े क्षेत्र में आवागमन के लिए आवाज उठाया और क्षेत्र का विकास हुआ है। बलरामपुर रामानुजगंज एक छोटा और वनांचल से घिरा जिला है। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर रामानुजगंज के बीच सड़क निर्माण का काम चल रहा है टेंडर प्रक्रिया होने के बाद एनओसी मिलने में काफी समय लग गया अब ठेकेदार ने काम शुरू किया है लेकिन जिस गति से कम होना चाहिए उसे गति से काम नहीं हो रहा है। ठेकेदार और अधिकारियों को चाहिए कि काम में तेजी लाएं। श्री सिंह ने कहा कि कृषि मंत्री राम विचार नेता ने सुदूर अंचल में सड़क, बिजली पुल पुलिया के लिए काम किया। कांग्रेस यह बताएं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्या काम किया है। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री नेताम से जनता को उम्मीदें हैं जो अधूरे काम है वह पूरे होंगे।

### कनहर में जा रहा नाली का गन्दा पानीः प्रतीक

नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष प्रतीक सिंह ने कहां की नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और बृहस्पति सिंह से भी अच्छे तालमेल थे लेकिन हमारे जो लोग उनसे सेट हुए वह आज पार्टी से बाहर है। विकास के दावों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि 2 दिन पहले नगर में हुई बारिश के बाद नाली का पानी सड़कों पर आ गया नगर में पानी सप्लाई की व्यवस्था चौपट है किसी को एक के बाद दूसरे बाल्टी में पानी भी नहीं मिल पा रहा है नगर में नया पानी टंकी नहीं बन पाया। नगर में छठ का पावन पर्व धूमधाम से मनाया जाता है व्रती महिलाएं कनहर नदी में छठ करती हैं लेकिन इस नदी में अब नालियों का गंदा पानी जा रहा है। कनहर में एनीकट बनाकर नदी को बर्बाद कर दिया गया।

# विकास के काम तेजी से हो रहे लेकिन शिक्षा सड़क, स्वास्थ्य की बाट जोह रहे लोग

**रामानुजगंज। हरिभूमि- आईएनएच द्वारा सोमवार को बलरामपुर रामानुजगंज जिले के रामानुजगंज में जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईएनएच के ब्यूरो हेड शैलेश पांडेय ने जिले में 2 वर्ष के अंदर हुए विकास कार्य और जनता की अपेक्षाओं को लेकर समाजसेवी व विभिन्न क्षेत्र में काम करने वालों से चर्चा की। इस चर्चा में यह बात निकाल कर सामने आई कि बलरामपुर जिला नया होने के बाद भी यहां विकास का कार्य लगातार तेजी से जारी है लेकिन आज भी सड़क शिक्षा और स्वास्थ्य की बाट क्षेत्रवासी जोह रहे हैं।**

### कोयला खदान खुलने से दूर होगी बेरोजगारीः जायसवाल

आईएनएच के ब्रांच हेड शैलेष ने समाजसेवी सुभाष जायसवाल से जिले के विकास को लेकर चर्चा की इस दौरान सुभाष जायसवाल में कहा कि वर्तमान में रामानुजगंज बलरामपुर की जो अपेक्षाएं थीं उसमें सिर्फ आश्वासन ही मिला है, काम पूर्ण नहीं हो पाए हैं। रामानुजगंज जिले का सबसे बड़ा शहर है इसके बाद भी यहां स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है, जिले में चिकित्सकों की कमी है। कमियों को दूर करने के लिए प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में भरपूर खनिज संपदा उपलब्ध है और यहां बड़े उद्योग की संभावना भी है, कोयला खदान के लिए सर्वे हो चुका है और रिपोर्ट भी गई है, आने वाले समय में क्षेत्र का विकास होगा और बेरोजगारी समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार काम कर रही है सीएम विष्णु देव साय को पहली बार मौका मिला है। आवागमन सुविधा को लेकर श्री जायसवाल ने कहा कि हवाई पट्टी बन चुकी है और इसका उद्घाटन भी हुआ है लैंडिंग भी हो चुकी है लेकिन अब मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बिना कनेक्टिविटी नहीं बढ़ेगा उद्योगः सोनी

व्यापार में निवेश को लेकर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि व्यवसाय के रूप में जिले को जो मूलभूत सुविधाएं मिलनी थी वह नहीं मिल पाई है। जिले में सबसे अधिक दुकान रामानुजगंज में है लेकिन जिला मुख्यालय से रामानुजगंज तक आने-जाने की सड़क सही नहीं है। आवागमन की सुविधा नहीं होने से व्यापारी निवेश नहीं करना चाहते हैं अगर सड़क का काम तेजी से हो तो व्यापारी और उद्योग जगत के लोग भी निवेश करेंगे। मूलभूत सुविधा में सबसे प्रमुख कनेक्टिविटी है इसके बिना व्यापारी उद्योग के लोग नहीं आ पाएंगे रेलवे सड़क और हवाई मार्ग पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।




समाजसेवियों व उद्योगपतियों से चर्चा करते ब्यूरो हेड शैलेश पांडेय।

### धीरे धीरे होंगे विकास के कामः राम सेवक

सेवानिवृत्त शिक्षक राम सेवक गुप्ता ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी बाह्य के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा भी है। रामानुजगंज बॉर्डर से लगा हुआ शहर है और अपराधी वारदात को अंजाम देकर चले जाते हैं। रामानुजगंज में सबसे बड़ा डाका पड़ा। अच्छी बात यह है कि हमारी पुलिस ने अपराधियों को समय रहते पकड़ा और उन्हें आजीवन कारावास की सजा भी दिलाई गई। श्री गुप्ता ने बताया कि पहले लोगों को कॉलेज की पढ़ाई करने के लिए अंबिकापुर जाना पड़ता था लेकिन अब जिले में जगह-जगह कॉलेज और आईटीआई खुले हुए हैं सुविधा बढ़ी है और शिक्षा का विस्तार हुआ है। बलरामपुर नया जिला है एक बार में सभी व्यवस्थाएं संभव नहीं है धीरे-धीरे विकास के काम होंगे।

### मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खुलेः पटेल

वरिष्ठ अधिवक्ता आरके पटेल ने कहा कि बलरामपुर रामानुजगंज एक पिछड़ा हुआ जिला है पहले यहां नक्सल समस्या थी जिसके कारण विकास कार्य नहीं हो पाए। अब क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है रेलवे लाइन के लिए सर्वे हो रहा है जो निःसंदेह बलरामपुर जिले के लिए उपलब्धि है। जिले में सेंट्रल स्कूल स्वीकृत है लेकिन अभी काम शुरू नहीं हो पाया है अगर आने वाले समय में यहां इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज खुल जाए तो सुदूर क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी। सीबीएसई स्कूल नहीं होने को लेकर कहा कि शासकीय स्कूल की गुणवत्ता उतनी नहीं जितनी प्राइवेट की है, स्कूलों की गुणवत्ता का स्तर सुधारना पड़ेगा। जिले में नवोदय विद्यालय भी चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर पहल हुई है गढ़वा से अंबिकापुर तक फोरलेन सड़क निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है जबकि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच सड़क का काम चल रहा है और इस वर्ष सड़क का काम पूर्ण होगा और हम 2 घंटे में अंबिकापुर तक की दूरी पूरी कर लेंगे।

# जनप्रतिनिधियों की राय- क्षेत्र के विकास की गति को मुख्य धारा से जोड़ना जरुरी

**रामानुजगंज में आयोजित हरिभूमि और आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र को विकास की गति को मुख्य धारा से जोड़ना बहुत जरूरी है। इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना और काम करना होगा। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी ने पिछले 2 साल के भाजपा सरकार के कार्यकाल पर सभी जनप्रतिनिधियों चर्चा की।**

### ढाई साल मुख्यमंत्री का पद मिल जाता तो कांग्रेस रिपीट हो जाती- यादव

बलरामपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव का मानना है कि कांग्रेस सरकार में ढाई साल का फार्मूला लागू हो जाता और सार्वजनिक क्षेत्र को मुख्यमंत्री का पद मिल जाता तो 2023 में कांग्रेस की सरकार रिपीट हो जाती। ऐसा नहीं हो पाने के कारण क्षेत्र के लोगों में एक निराशा हुई और इसका अधिक असर मतदान पर हुआ। श्री यादव ने कहा कि इसके बाद भी संगठन स्तर पर कांग्रेस को मजबूत किया जा रहा है और 2028 के चुनाव में भाजपा को 15 से कम सेट पर लाकर रहेंगे। 2022 में कांग्रेस की सरकार बनेगी यह लगभग तय है। पिछले दो सालों में भाजपा की सरकार में खासतौर पर किसानों को त्रस्त कर दिया है। अपनी ही उपज बेचने के लिए किसानों को आंसू बहाने पड़ रहे हैं। खा लिया है कि भाजपा की सरकार पिछले दो सालों में कैसे चल रही है इसकी जानकारी उनके ही मंत्रियों और नेताओं को नहीं है। भाजपा ने 2023 का चुनाव भ्रम फैलाकर और षड्यंत्र करके जीता है। कांग्रेस सरकार ने जहां अपने 5 सालों में शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक फोकस किया तो भाजपा अब सिर्फ भ्रम फैला रही है।

### मिलकर कर रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर काम- सिंहदेव

बलरामपुर जिले के जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में काम बेहतर हो रहा है और इसमें प्रदेश सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। जब भी कोई समस्या आती है तो वह क्षेत्र के भाजपा के मंत्री राम विचार नेताम तक पहुंचाया जाता है और वह उस पर तुरंत संज्ञान लेकर निराकरण कर देते हैं, इसलिए काम में आसानी हो जाती है। पिछले कई सालों से चलगली से काजिलपुर देव मार्ग जर्जर था और इसकी मरम्मत की मांग की जा रही थी। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही मंत्री व नेताओं तक इसे पहुंचाया गया और तत्काल सड़क बननी शुरू हो गई है।



हरिभूमि आईएनएच के मंच पर अपने विचार रखते क्षेत्र के जनप्रतिनिधि।

### करोड़ों का काम किया जा रहे हैं- ओम प्रकाश

बलरामपुर जिले के भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल का मानना है कि भाजपा सरकार मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दे रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार में गरीब वंचित और किसानों के साथ ही सड़कों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। श्री जायसवाल के मुताबिक बलरामपुर नगर पालिका क्षेत्र में 15 करोड रुपए सैनिक के काम वर्तमान में चल रहे हैं। इसके अलावा 15 करोड़ के काम रामानुजगंज क्षेत्र में जारी है। साथ ही 100 करोड रुपए से अधिक के काम पीएमजीएसवाई के तहत लीलावती गांव से लेकर पूरे क्षेत्र में जारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक लक्ष्य के लेकर काम कर रही है। फोरलेन सड़क का डीपीआर भी बन गया है। सेंट्रल स्कूल की स्वीकृति अलग से मिल गई है जो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कदम है। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए खाद बीज की उपलब्धता पर अधिक ध्यान दिया इसलिए ही इस बार अधिक उत्पादन हुआ और यहां के उत्पादन बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड तक जा रहे हैं। भाजपा सरकार ने जो वादा किया था उसे क्रमशः पूरा किया जा रहा है, मोदी की गारंटी लागू की जा रही है। महतारी वंदन योजना के साथ ही किसानों से धान खरीदी इस बार और बेहतर हुई है।

### जनता को भ्रमित और षड्यंत्र करके भाजपा ने चुनाव जीता- मधु

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु गुप्ता का मानना है कि भाजपा ने 2023 का चुनाव षड्यंत्र करके और भ्रम फैला कर जीता है। भाजपा इसमें माहिर है और इसका जवाब देने में कहीं ना कहीं कांग्रेस पीछे रह गई। कांग्रेस ने जो बेहतर काम किया उसे जनता तक पहुंचने में कोई कमी रह गई और इसका लाभ भाजपा ने उठा लिया। श्रीमती गुप्ता के मुताबिक अब भाजपा सरकार के 2 साल पूरे होने के बाद सभी लोग यह स्वीकार कर रहे हैं कि कांग्रेस बेहतर काम कर रही थी और उसे फिर से मौका दिया जाना चाहिए था। भाजपा ने ट्रिपल इंजन सरकार का भ्रम फैलाकर बेहतर काम करने का वादा किया था जिसमें वह फेल साबित हो रही है।

# कलेक्टर बोले- उपलब्ध संसाधनों के आधार पर हो रहे कार्य, एसपी ने कहा- कानून व्यवस्था नियंत्रण में

बलरामपुर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि यह जिला चुनौती भरा है। पड़ोसी राज्यों से कनेक्टिविटी और दूसरे लोगों का लगातार आना-जाना परेशानी जरूर बढ़ाता है लेकिन कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। कर्मचारियों की कमी से कई बार परेशानी होती है लेकिन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ही योजनाओं को लागू करने की कोशिश जारी है। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने जिले के कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा और पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल से इस बारे में बातचीत की।

### चुनौती भरा भौगोलिक परिस्थितियांः कलेक्टर

जिले के कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा का कहना है कि यहां की भौगोलिक परिस्थितियों और सीमावर्ती जिले से जुड़ाव चुनौती भरा है। एक ब्लॉक से दूसरे मुख्यालय की दूरी कॉपी होने से यह परेशानी बढ़ जाती है। क्षेत्र जिस हिसाब से बड़ा है उसे हिसाब से जनसंख्या कम है। पंचायती भी बड़ी-बड़ी है। दूरस्थ जिला होने के कारण अधिकारी कर्मचारी यहां अपनी पोस्टिंग करवाने से बचते हैं। पोस्टिंग हो भी जाती है तो ज्वाइनिंग नहीं होती। इसके बाद भी उपलब्ध संसाधनों के आधार पर बेहतर काम करने की कोशिश की जा रही है। राज सरकार की योजनाओं को सभी ब्लॉकों में समन्वय से बांटकर लागू किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कटरा का कहना है कि जिले में मानव संसाधन की कमी है जो की असर जरूर डालता है। उन्होंने शिकार किया कि जिला अस्पताल में रिसोर्सेज की कमी है। हालांकि डॉक्टर और स्टाफ की पोस्टिंग करने की बात उन्होंने कही। हेल्थ के पद भरे जा रहे हैं। शिक्षा के लिए गणित विज्ञान और अंग्रेजी के विषय में की नियुक्ति स्कूलों में की गई है। अतिथि शिक्षकों के पद भी भर गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रिटिकल केयर की बिल्डिंग बन रही है लेकिन फंड होने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बना चिंता का विषय जरूर है।



प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी से क्षेत्र की समस्याओं व समाधान पर विचार मंथन करते कलेक्टर-एसपी।

### सुरक्षा व्यवस्था पर कसावट जारीः एसपी

पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल का कहना है कि बलरामपुर जिला तीन प्रदेश की सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। इसमें मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश का बॉर्डर है। त्योहारों के साथ ही लगातार इन क्षेत्रों से जिले में लोगों का आना-जाना लगे रहता है। इस पर खास ध्यान देने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर कसावट जारी है। बड़ी परेशानी इस बात की है कि सुदूर क्षेत्र का जिला होने के कारण कई एरिया कनेक्ट नहीं हो पाते हैं। इसलिए कई बार कम्युनिकेशन गैप भी हो जाता है। किसी भी क्षेत्र में वारदात होने पर पुलिस पहुंचती जरूर है लेकिन कनेक्टिविटी नहीं होने से मुश्किल बढ़ जाती है। कई क्षेत्रों में सड़क नहीं है तो मोबाइल नेटवर्क भी नहीं पकड़ता है। रेत, कोयला और बॉक्साइट के अवैध कारोबार पर एसपी ने कहा कि इस पर लगाम लगाया गया है। नियमों के दायरे में रहकर यदि कोई काम किया जाएगा तो वह गलत नहीं है। एसपी ने कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्र ज्यादा है इसलिए थोड़ी परेशानी तो होती ही है। हर तरह के अवैध कारोबार पर पुलिस की नजर है और इसमें जिला प्रशासन के साथी वन विभाग का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। पूरी टीम बनाकर समन्वय के साथ काम किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नियम उल्लंघन पर 1 लाख का जुर्माना

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत बिछियाटोला तहसील केल्हारी अंतर्गत केवई नदी में अवैध रेत उत्खनन के मामले में प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाते हुए कार्रवाई की है। खसरा क्रमांक 684 रकबा 16.250 हेक्टेयर क्षेत्र में स्वीकृत गौण खनिज साधारण रेत खदान में रात के समय रेत लोडिंग की शिकायत मिलने पर कलेक्टर के निर्देश पर जांच कराई गई, जिसमें शिकायत सही पाई गई। जांच में यह सामने आया कि उत्खनन पट्टाधारी द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए रात्रिकाल में वाहनों के माध्यम से रेत का परिवहन किया जा रहा था, जो निर्धारित प्रावधानों के विरूद्ध है। प्रशासन ने इस कृत्य को छग गौण खनिज साधारण रेत के उत्खनन एवं व्यवसाय अनुसूचित क्षेत्र के लिए नियम 2023 का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की गई।

### विश्व क्षय दिवस पर राज्य स्तरीय शुभारंभ आज

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय अभियान के दूसरे चरण का राज्य स्तरीय शुभारंभ 24 मार्च को मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंगल भवन, पोड़ी जिला एमसीबी में दोपहर 1:30 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे, जो लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सहित विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी संभालते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भरतपुर-सोनहत रेणुका सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, महापौर राम नरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ प्रतिमा यादव, नपं अध्यक्ष झगराखांड रीमा यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष लेदरी वीरेन्द्र सिंह राणा शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, जांच एवं उपचार को बढ़ावा देना तथा टीबी मुक्त लक्ष्य को सशक्त करना है। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### सत्य सांई दिव्य रथ का भ्रमण 29 तक

अनूपपुर। सत्य सांई सेवा संगठन मध्यप्रदेश के सौजन्य से सत्य सांई रथ जिले के विभिन्न नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए शनिवार को अनूपपुर जिले के कोतमा जनपद के ग्राम पंचायत थानगांव, ग्राम कोठी, नगरपालिका क्षेत्र बिजुरी, ग्राम पकरिहा, बेनीबहरा, कुदरी, मौहरी का भ्रमण किया गया। सांई समिति के भगवान दास द्विवेदी, लखन लाल पनिका ने बताया कि सांई रथ के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यह है कि बाबा के जो भक्त पुट्टपर्थी आंध्र प्रदेश बाबा की समाधि के दर्शन करने नहीं पहुंच पा रहे हैं उन भक्तों को बाबा स्वयं रथ के माध्यम से उनके घर पहुंच कर दर्शन दे रहे हैं,रथ के अंदर सत्यसांईं बाबा की दिव्य समाधि और चरण चिन्ह बने हुए हैं।

## पटना पुलिस ने किया मामले का खुलासा

# पत्नी और पुत्र ने रची हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

थाना पटना क्षेत्र में हुए एक संदिग्ध मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों ने मिलकर बसंत लाल की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कटकोना स्थित एक कलारी में कार्यरत बसंत लाल की 25 फरवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस



गिरफ्तार आरोपी।

अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे तथा एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में थाना पटना पुलिस द्वारा विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक शराब पीने का आदी था और परिवार के भरण-पोषण में सहयोग नहीं करता था, जिससे घर में अक्सर विवाद होता था। इसी बात से परेशान होकर मृतक की पत्नी शालू और पुत्र विजेन्द्र ने उसकी हत्या की साजिश रची। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि दोनों आरोपियों ने लकड़ी से प्रहार कर बसंत लाल को गंभीर चोटें पहुंचाई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

घटना को आत्महत्या दर्शाने के लिए बाद में शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। थाना प्रभारी प्रमोद पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 23 मार्च को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की आगे की जांच जारी है।

# शिवघाट में अनियंत्रित ट्रक खाई में गिरने से बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ चालक सहित सभी सुरक्षित

सोनहत मार्ग पर पड़ने वाले शिवघाट क्षेत्र में एक धान की बोरियों से भरा ट्रक गंभीर दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच गया। शिवघाट के मोड पर लोडेड ट्रक पूरी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चली गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर-सोनहत मार्ग पर शिवघाट क्षेत्र में शिव मंदिर के निकट बीते दिनों धान से भरा ट्रक सोनहत क्षेत्र से बैकुंठपुर की ओर आ रहा था, इसी दौरान घाटी में स्थित शिव मंदिर से कुछ दूरी पर एक मोड पर वाहन चालक स्टेयरिंग पूरी तरह



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

से काट नहीं पाया और लोडेड वाहन सड़क से उतर किनारे जाकर रूक गया। यदि चंद दूरी पर वाहन और आगे बढ़ा होता तो वाहन नीचे खाई में चला जाता, लेकिन यह खुशकिस्मती रही कि वाहन खाई से पहले ही सड़क किनारे रूक गया और वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए।

# साक्षरता महापरीक्षा, 95 प्रतिशत शिक्षार्थियों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले में शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह परीक्षा 22 मार्च को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

जिले के विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत में कुल 164 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जहां 1641 पंजीकृत शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। शाम 5:30 बजे तक लगभग 95 प्रतिशत शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के पूर्व ग्राम पंचायतों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया, इसमें दीवार लेखन, पीला चावल



आमंत्रण, गीत-संगीत और स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। परीक्षा केन्द्रों में शिक्षार्थियों का स्वागत तिलक एवं पुष्पगुच्छ से किया गया, इससे पूरे आयोजन में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। इस अभियान का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाना तथा उनकी शैक्षिक उपलब्धियों का आकलन करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान, जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए संकुल स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। साथ ही पंचायत सचिवों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित की गई। संभागीय, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग भी की गई। इस आयोजन में पंचायती राज संस्थाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मध्यान्ह भोजन समूह और स्कूली बच्चों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिससे साक्षरता अभियान को जनआंदोलन का रूप मिला।

### सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन कल


**मनेन्द्रगढ़।** सिंधु समाज सेवा समिति द्वारा स्थानीय झूलेलाल मंदिर में पहली बार सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 25 मार्च को शाम 5 बजे से शुरू होगा। इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त सिंधी कवि और कवयित्रियां अपनी रचनाओं का काव्य पाठ प्रस्तुत करेंगे। इस विशेष कवि सम्मेलन में नागपुर से नारी लच्छवाणी और दिलीप आसूदाणी, होशंगाबाद से महेश मूलचंदानी, शत्रुघ्न जेसवानी (शाद) तथा नागपुर की कवयित्री ममता परवानी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनोद आसूदाणी द्वारा किया जाएगा, जबकि संपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी सिंधी साहित्य के प्रसिद्ध हस्ताक्षर राजकुमार मसंद राज संभालेंगे। आयोजन को सफल बनाने में सिंधु समाज सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य मनोहर लाल खियानी और राजेश मंगतानी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# जेल में बंदियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला जेल बैकुंठपुर में बंदियों के पुनर्वास और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च तक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैकुंठपुर के सहयोग से संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान बंदियों को कृषि उद्यमी बनने के लिए विभिन्न व्यावहारिक और वैज्ञानिक जानकारियां प्रदान की गईं। इसमें मिट्टी परीक्षण, पोषक तत्वों की पहचान, पीएच मान जांच, गोबर से खाद निर्माण, वर्मीकंपोस्ट, जीवामृत एवं ब्रह्मास्त्र जैसे जैविक उर्वरक और कीटनाशक बनाने की विधियां सिखाई गईं। इसके साथ ही भिंडी, करेला, लौकी, टमाटर जैसी फसलों की वैज्ञानिक खेती, नर्सरी प्रो-ट्रे में बीज उगाने की तकनीक तथा फसलों को रोगों से बचाने के उपायों का भी प्रशिक्षण दिया गया। बंदियों को



बकरी पालन, मछली पालन और मुर्गी पालन का बेसिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 32 बंदियों ने भाग लिया। साथ ही कृषि संबंधी ऋण और बीमा की जानकारी भी दी गई, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के सफल संचालन में सहायक जेल अधीक्षक एसके आबिद रजा एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैकुंठपुर के डायरेक्टर महती बनरा का विशेष योगदान रहा।

# जागृति महिला समिति की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

भीषण गर्मी के आगमन के साथ ही जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र द्वारा केन्द्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ में प्याउ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पहल श्रद्धा महिला मंडल, बिलासपुर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संचालित है।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समिति की अध्यक्षा डॉ. श्रीमती सरोज बाला बिश्नोई द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. बिश्नोई ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। बढ़ती गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना न केवल मानवता का कर्तव्य है, बल्कि यह एक पुण्य कार्य भी है। अस्पताल एक ऐसा स्थान है जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग विभिन्न



कारणों से आते हैं, ऐसे में उन्हें शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि पशु-पक्षियों के प्रति भी संवेदनशीलता रखना है। इसी सोच के तहत पशुओं के लिए नाद (टंकी) एवं पक्षियों के लिए जल पात्र की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान मरीजों, उनके परिजन, मजदूरों एवं आम नागरिकों को शिकंजी, जलजीरा, सत्तू, लस्सी, छाछ के साथ-साथ फल, फूटा चना, गुड़ एवं अंकुरित मूंग-चना वितरित किया गया। इस सेवा कार्य से उपस्थित लोगों ने राहत महसूस की और समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जागृति महिला समिति की सचिव श्रीमती रूना मित्रा, श्रीमती पूनम रानी, श्रीमती तृप्ति पांडे, श्रीमती माला तिवारी, श्रीमती शांति सिंह, श्रीमती ज्योति कुमार, श्रीमती प्रगति गुप्ता, श्रीमती संचली पाल, श्रीमती दीपास्मिता रावत, डॉ. प्रीता, डॉ. अपराजिता स्वाति सहित अन्य सदस्यों एवं अस्पताल स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। इस सराहनीय पहल ने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जागृति महिला समिति का यह प्रयास निश्चित रूप से अन्य सामाजिक संगठनों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगा।

### सर्व यादव समाज का संगठन विस्तार

**बैकुण्ठपुर।** सर्व यादव समाज प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु एवं प्रदेश सचिव गणेश यादव के सहमति से यादव समाज कोरिया के जिला संरक्षक रेवा यादव एवं राम विनोद यादव के अध्यक्षता में संगठन विस्तार के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्व यादव समाज कोरिया के जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भुवनेश्वर यादव पटना व शिवप्रताप यादव ग्राम पिपरा को दी गई।



# चैत्र नवरात्रि पर 801 मीटर भव्य चुनरी यात्रा निकली

हरिभूमि मनेन्द्रगढ़

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ शहर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बस स्टैंड स्थित काली मंदिर से 801 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस विशाल धार्मिक आयोजन ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया।

चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन सुबह से ही शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर करीब 4 बजे बस स्टैंड वार्ड क्रमांक 19 स्थित काली मंदिर से माता रानी की आकर्षक झांकी के साथ चुनरी यात्रा का शुभारंभ हुआ। 801 मीटर लंबी चुनरी इस यात्रा का मुख्य



आकर्षण रही, जिसे श्रद्धालु अपने हाथों से थामकर पूरे मार्ग में आगे बढ़ाते रहे। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों जैसे भगत सिंह तिराहा, रिंग रोड, पुरानी बस्ती, जेकेडी रोड, सांई मंदिर, विवेकानंद चौक, गुरूनानक चौक, जैन मंदिर चौक, फव्वारा चौक और पुराना नगरपालिका चौक से होते हुए पुनः काली मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भक्ति, जयकारों और भजनों से वातावरण गूंजता रहा। इस दौरान शहर के व्यापारियों और समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। इस भव्य चुनरी यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि शहर में एकता और सामूहिक सहभागिता का भी सुंदर संदेश दिया। आयोजन की सफलता में स्थानीय नागरिकों, समिति सदस्यों और प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा।

# जल संरक्षण का संकल्प: जल जीवन मिशन के तहत जल उत्सव



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनटोला में 22 मार्च को विश्व जल दिवस, जल अर्पण दिवस, जल उत्सव पखवाड़ा का आयोजन एवं जनजागरूकता से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्रामीणों को जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक सशक्त पहल प्रस्तुत की। पंचायत भवन के समीप आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार के निर्देशन, सहायक अभियंता जयंत कुमार चंदेल एवं उप अभियंता मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जनपद उपाध्यक्ष हीरा लाल मौर्य, जिला महामंत्री हीरालाल यादव, जनपद सदस्य रविन्द्र कुमार बैगा एवं देवेन्द्र कुमार सिंह सहित ग्राम पंचायत मोहनटोला के सरपंच अमरबहादुर सिंह, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, जल बहिनियां, पंप ऑपरेटर सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### चिरमिरी-नागपुर रेल परियोजना के लिए सर्वे शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** रेलवे की बहुप्रतीक्षित चिरमिरी-नागपुर रोड हॉल्ट रेल परियोजना अब तेजी पकड़ रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय मनेन्द्रगढ़ से जारी जानकारी के अनुसार परियोजना के तहत प्रभावित गांवों में भूमि अधिग्रहण के लिए संयुक्त सर्वे कार्य 24 से 27 मार्च तक चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इस दौरान 24 से 25 मार्च तक ग्राम बंजी और सरोला में सर्वे होगा, जबकि 26 से 27 मार्च तक ग्राम चिरईपानी, खैरबना और चित्ताझोर चित्त तहसील चिरमिरी में सर्वे किया जाएगा। सर्वे कार्य प्रतिदिन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें भूमि का चिन्हांकन, पंचनामा, फोटोग्राफी, भूमि उपयोग का परीक्षण तथा संरचनाओं जैसे मकान, पेड़, कुआं, नलकूप आदि का विस्तृत निरीक्षण किया जाएगा। इस परियोजना में कुल 5 गांवों के 163 खसरे प्रभावित होंगे।

### पीएम जनमन आवास की पक्की छत से सुकबरिया के जीवन में आया बदलाव

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को निरंतर उनके सपनों का आशियाना मिल रहा है। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के दूरस्थ ग्राम पंचायत गढ़तर में रहने वाली सुकबरिया के कच्चे मकान की जगह अब वंचित वर्ग के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई गई जनमन योजना के तहत पक्का आवास मिल गया है, इससे उनके जीवन में सुखद बदलाव आने लगा है। पहले डरकर कच्चे घर में रहने वाला यह परिवार अब चैन की नींद सोने लगा है। ग्राम पंचायत गढ़तर जो कि बचरा-पोड़ी क्षेत्र की एक सुदूर ग्राम पंचायत है,वहां एक अति साधारण किसान परिवार रहता है। इस परिवार के मुखिया सुखलाल और उनकी पत्नी सुकबरिया के साथ उनके तीन बच्चों का परिवार वर्षों से दूसरे के खेतों में की जाने वाली मजदूरी के सहारे अपना जीवन-यापन कर रहा है। खेती से मिलने वाली सीमित आय मौसम पर निर्भर रहती और मनरेगा के होने वाले ग्राम पंचायत में उपलब्ध कार्यों से आय के साधन भी सीमित ही रहते।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
creating healthy tomorrow
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
जाँच समय पर हो
हमारा वादा
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

खबर संक्षेप



## विज्ञान प्रगतिरत समाज की आधारशिला है : संजय गुप्ता

**अम्बिकापुर।** विज्ञान संसार पत्रिका के 15वें अंक का विमोचन संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षा एवं विज्ञान से जुड़े अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे। पत्रिका का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक सोच का विकास करना तथा विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। प्रत्येक तीन माह में प्रकाशित होने वाली यह पत्रिका निरंतर नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। विमोचन अवसर पर संजय गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विद्यालयों की प्रगति के आधार के रूप में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाला व्यक्ति ही समाज के लिए वास्तव में उपयोगी सिद्ध होता है। नकारात्मक व्यक्ति खुद के साथ साथ समाज को भी पतन की और ले जाता है। इस दौरान डॉ. अंचल कुमार सिन्हा, संस्कृति श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

## कुंवरपुर नहर में मिला शव, कोरबा निवासी के रूप में हुई पहचान



**लखनपुर।** कुंवरपुर नहर में रविवार की शाम 7.30 बजे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वही स्थानीय लोगों द्वारा लखनपुर पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सोमवार की सुबह फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के मदद से नहर से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान नटवरलाल अग्रवाल आ. स्व. प्रहलाद अग्रवाल (46 वर्ष) तिलकेजा थाना उरगा जिला कोरबा निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। वहीं कमल नारायण अग्रवाल आ. स्व. प्रहलाद राय अग्रवाल की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक 15 दिन पूर्व ठेकेदारी के काम को लेकर अंबिकापुर तरफ आया हुआ था। पुलिस ने मृतक के चप्पल स्कूटी सहित अन्य सामान को जब्त कर जांच शुरू की है।

### तीन दिवसीय सरगुजा ओलंपिक का समापन

# खिलाड़ी लगन के साथ करें कड़ी मेहनत, जरूर मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।

**खास बात**

- अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को कियासम्मानित

सरगुजा ओलम्पिक का शानदार समापन सोमवार को पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व कप्तान, पद्मश्री एवं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित श्री बाइचुंग भूटिया, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर श्री भूटिया ने कहा कि मैं आज सिक्किम से आप सभी खिलाड़ियों में जोश की भावना सिंचित करने आया हूं। मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि आप लगन के साथ कड़ी मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी। खुशी है कि छत्तीसगढ़ शासन खेलों को विशेष प्राथमिकता दे रहा है। इसका असर हमें जरूर दिखेगा और छत्तीसगढ़ के युवा खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं भी ट्राइबल हूँ और सिक्किम के छोटे से गाँव का हूं। वहाँ से निकलकर मुझे भारत के लिए खेलने का मौका मिला है। यह महत्व नहीं रखता कि आप कहां से हैं आपकी प्रतिभा और मेहनत आपको आगे लेकर जाती है। मुझे भरोसा है कि आने वाले समय मे छत्तीसगढ़ से भी बहुत से खिलाड़ी ओलम्पिक मेडल लेकर आएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि किसी काम को पूरा करने में अगर पूरी जुनून, लगन और अनुशासन हो, तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज छत्तीसगढ़ के हर कोने से खिलाड़ी निकलकर आ रहे हैं। आपको जो प्लेटफार्म मिला है, इसका भरपूर उपयोग करें और आगे आएं। हमें गर्व है कि सरगुजा अंचल में ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जो राष्ट्रीय मंच पर अपना जलवा बिखेर चुके हैं। निश्चित ही आने वाले समय में भी इन खेलों के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ी भी देश के लिए मेडल जीतकर लाएंगे। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरगुजा सम्भाग के खिलाडियों के लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर पूरे आयोजन में मिला है। सरगुजा ओलम्पिक में 12 विधाओं में प्रतियोगिताएं हुईं हैं, हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी आयोजन में सरगुजा जिले के अन्य पारंपरिक खेलों को भी इसमें शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि 26 मार्च से खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का शुरुआत होगा जिसमें रायपुर सहित बस्तर एवं सरगुजा में भी खेल आयोजित होंगे।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने भी समारोह को संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, सरगुजा सम्भागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, कलेक्टर अजीत वसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी एवं कोच उपस्थित थे।



## पर्यटन मंत्री ने रामगढ़ नवरात्रि पर्व की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों से समस्याओं के संबंध में की चर्चा

पर्यटन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल ने रविवार को नवरात्रि के अवसर पर रामगढ़ पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया एंव नव रात्रि के तैयारियों का जायजा लिया। मेला स्थल पर आए श्रद्धालुओं एंव व्यपारियो से समस्याओं के संबंध में चर्चा की।

रामगढ़ निरीक्षण में पहुंचे मंत्र राजेश अग्रवाल से व्यपारियो ने शिकायत करते हुए बताया कि रामगढ़ समिति के नाम पर मेला स्थल पर दूर दराज क्षेत्र आने वाले छोटे दुकानदारों से दुकान लगाने के नाम पर 1 हजार से 1 हजार 500 सौ रुपये वसूली की जाती है। जिस पर मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अवैध रूप से ली गई राशि को अधिकारियों को वापस दिलाने का निर्देश दिए। उन्होंने ने चेतावनी दी कि अगर इस प्रकार की शिकायत पुनः पाई गई तो सम्बंधित समिति को भंग करने की कार्रवाई की जाएगी। वही अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों को मेला एवं मंदिर दर्शन में कोई दिक्कत न आए इसका ध्यान रखें। वही मंत्री ने भंडारा शेड निर्माण, सीढ़ियों की मरमम्त एवं रेलिंग निर्माण कार्य तत्काल गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि ऐतिहासिक एवं पुरातत्विक पर्यटन दृष्टि कोंड से रामगढ़ का पूरे देश में विशेष महत्व है जहां कवि काली दास ने मेघ दूत महाकाव्य की रचना रामगढ़ में की थी। भगवान रामचंद्र ने वनवास के समय कुछ दिनों तक यहां रुके थे। जिसका प्रमाण आज भी उपलब्ध है। जिस कारण साल के चैत्र मास के सतमी, अष्टमी, नवमीं को विशेष रूप से रामगढ़ का दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूरे प्रदेश से आते हैं। साथ ही 360 से भी अधिक सीढ़ियों का चढ़ाई चढ़ कर पहाड़ पर स्थिति मंदिर में राम, सीता का दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मांग करते हैं। रामगढ़ मेला में शासन, प्रशासन की टीम एक सप्ताह से पूरी तरह मुस्तेद रहती है ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा पूरे साल भर श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए रामगढ़ आना जाना लगा रहता है। मंत्री राजेश अग्रवाल की पहल से अयोध्या के तर्ज पर सीताबेंगरा के पास करोड़ो रूपये का भव्य मंदिर राम का बनवाया जा रहा है।

### मंत्री के परिजन द्वारा किया जाता है भंडारा

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के परिजन द्वारा पहाड़ी के ऊपर तीन दिनों तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है। जहां हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते है। इसके अलावा अन्य समाजसेवी लोगों द्वारा भी लंबे समय से भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं।

## संगठन को मजबूती दिलाने लटोरी में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

**बिश्रामपुर।** कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की रणनीति के तहत रविवार को ग्राम पंचायत भवन लटोरी में लटोरी ब्लॉक कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें ब्लॉक प्रभारी सुनील सारथी व इम्तियाज जफर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के नवीन जायसवाल, रामचंद्र यादव एवं संयुक्त जिला महामंत्री वेदप्रकाश मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि कांग्रेस की नीतियां सदैव गरीब, किसान, मजदूर और आम जनता के हितों को केंद्र में रखकर बनाई जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों से भटक चुकी है और महंगाई, बेरोजगारी व किसानों की समस्याओं पर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति कमजोर हुई है और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों की रफ्तार थम गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है, जबकि युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं और



विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनकी मेहनत से ही आगामी चुनाव में सुरजपुर जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित की जा सकती है। इस दौरान कार्यकर्ताओं से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रोहन राजवाड़े ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष कंवल बिहारी सिंह टेकाम ने किया। बैठक में लिली राजवाड़े, जरीना सुल्ताना, बबिता गुप्ता सहित रूपनारायण राजवाड़े, नीरज सिंह, रामनारायण सिंह, राजकुमार गोयल, अर्जुन देवांगन, दुष्यंत तिवारी, अयोध्या जायसवाल, अरविंद सिंह, दिनेश राजवाड़े, जुगेंद्र सिंह, रतन माली, हीरालाल कुशवाहा, रमेश सिंह, सुंदर देवांगन, विकास जायसवाल, बुधराम राजवाड़े,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खुरहा चपका टीकाकरण महाअभियान प्रारंभ

**वाड्रफनगर।** पशुधन को खुरहा चपका जैसे गंभीर संक्रामक बीमारी से बचाने के लिए जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा खुरहा चपका टीकाकरण अभियान 15 से 30 अप्रैल तक जिले भर में संचालित किया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य पशुपालकों के पशुओं को खतरनाक संक्रमण से सुरक्षित रखना है। विभाग ने पशुपालकों से अपने पशुओं को समय पर टीकाकरण कराने का अह्वान किया है। खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दल गठित कर सघन टीकाकरण कार्य कराया जाएगा।



## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** पत्नी को बाइक से उतार पेट्रोल भरवाने जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रामनगर निवासी मुनेश्वर राम आ. बालक राम (33 वर्ष) 22 मार्च को पत्नी अनिता के साथ अपने ससुराल ग्राम गीधा बहरी गया था। शाम को वापस आते समय जैसे ही पेट्रोल पंप के समीप पत्नी को बाइक से उतार बाइक में पेट्रोल भरवाने सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर ननि आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# सरगुजा बचाओ संघर्ष समिति बैनर तले लोगों ने किया ननि कार्यालय का घेराव

**अम्बिकापुर।** सरगुजा बचाओं संघर्ष समिति के बैनर तले आज बड़ी संख्या में लोगों ने नगर निगम कार्यालय को घेराव किया। समिति के सदस्य सहित लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एएचपी के तहत सुभाष नगर में बने 493 आवासों के आवंटन में अनियमितता का आरोप लगाया तथा आवंटन को निरस्त करने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एएचपी पटक मोर मकान-मोर चिन्हारी अंतर्गत 493 आवास का निर्माण किया गया है। इस आवासों का उद्देश्य अंचल के गरीब एवं मूल निवासी हितग्राहियों को लाभान्वित करना था किन्तु नगर निगम द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए बाहरी राज्यों के लोगों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। पांचवी अनुसूची क्षेत्र में बाहरी राज्य के व्यक्तियों को मूलनिवासी मानकर बसाना संविधान की भावना के विपरीत है। बावजूद इसके गलत तरीके से बाहरी राज्य के आदिवासी व्यक्तियों को बसाया जाना गंभीर चिंता का विषय है। संगठन द्वारा इस



विषय में निरंतर आवेदन प्रस्तुत किए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। 7 जनवरी को निगम प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना एवं प्रचार-प्रसार के निर्माणाधीन स्थल पर कथित रूप से लॉटरी पद्धति से 67 हितग्राहियों को आवास आवंटित किया गया। लेकिन उस दिन किसी प्रकार की पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। सरगुजा बचाओं संघर्ष समिति की मांग है कि 7 जनवरी को 67 हितग्राहियों को दिए गए आवास आबंटन को तत्काल निरस्त किया जाए, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, योजना का पुनः व्यापक प्रचार-प्रसार कर वास्तविक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किया जाए तथा केवल पांचवी अनुसूची क्षेत्र के मूलनिवासी हितग्राहियों को पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवास आबंटित किया जाए। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नगर निगम कार्यालय घेराव के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूर रहे। किसी प्रकार की घटना न हो इसे लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहे।

# पंडो जनजाति के 2 वर्षीय मासूम को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चना खाते समय खांसी आने के बाद अचेत हो गया था बालक

बलरामपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र से पंडो जनजाति के 2 वर्षीय बालक को गंभीर अवस्था में समय पर रेफरल एवं विशेषज्ञ उपचार मिलने से उसे नया जीवन मिला है। चना खाते समय बच्चे को अचानक खाँसी एवं उल्टी आई तथा वह अचेत हो गया तथा उस की स्थिति गंभीर हो गई। बलरामपुर जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे तत्काल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर रेफर किया गया।

अम्बिकापुर पहुंचते ही एनेस्थीसिया विभाग द्वारा तत्काल एयरवे मैनेजमेंट किया गया और बालक को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। सिविल सर्जन डॉ.जेके रेलवानी ने नाक, कान, गला विभाग को विशेष निगरानी हेतु निर्देशित किया। प्राध्यापक डॉ.शैलेन्द्र व सहायक प्राध्यापक डॉ.उषा आर्मो एवं एनेस्थिशिया के विभागाध्यक्ष डॉ.राकेश निगम विभागाध्यक्ष की संयुक्त टीम द्वारा जीवन रक्षा वेन्टीलेटरी उपचार प्रदान किया गया। डॉ.केआर टेकाम एवं डॉ.सुमन ने बालक को गहन चिकित्सा पद्धति में रखकर चिकित्सकीय सेवा प्रदान की। मरीज की बेहोशी व गंभीर स्थिति में रेडियोलॉजिस्ट डा.सुयश ने सीटी स्कैन में फेफड़े को सामान्य



बताया जिससे उपचार की दिशा स्पष्ट हुई। लगातार तीन दिनों के गहन उपचार के पश्चात बालक की स्थिति में सुधार आया और उसे वेंटिलेटर से हटाया गया। पांचवें दिन बालक को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में समय पर रेफरल अत्यंत महत्वपूर्ण है विशेषज्ञ चिकित्सा एवं टीमवर्क से गंभीरतम स्थितियों में भी जीवन बचाया जा सकता है 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को चना, मूंगफली, साबुत दाल, अंगूर, टॉफी या अन्य छोटे दानेदार खाद्य पदार्थ देते समय विशेष सावधानी आवश्यक है, क्योंकि ऐसे पदार्थ आसानी से श्वास नली में फंस सकते हैं और अचानक दम घुटने जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है। बच्चों को हमेशा बैठाकर शांत अवस्था में तथा निगरानी में ही भोजन कराना चाहिए। खेलते, दौड़ते या रोते समय भोजन देने से भोजन गलत दिशा में जा सकता है और जोखिम कई गुना बढ़ सकता है। छोटे बच्चों को कठोर खाद्य पदार्थ सीधे नहीं देना चाहिए, बल्कि इन्हें पीसकर या सुरक्षित रूप में ही देना चाहिए। बच्चा अचानक तेज खांसी करने लगे, सांस लेने में कठिनाई हो, आवाज न निकले या चेहरा या होंट नीले पड़ने लगे, तो इसे तत्काल चिकित्सा आपात स्थिति समझना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत प्राथमिक सहायता के रूप में पीठ पर हल्की थपकी देकर अवरोध हटाने का प्रयास करें और बिना किसी विलंब के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल लेकर जाएं। उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में प्रतिवर्ष 5 वर्ष से कम आयु के 10 से अधिक बच्चे गले या श्वास नली में सिक्का, चना, सीटी, मूंगफली, दाल या सीताफल के बीज फंसने जैसी समस्याओं के साथ आते हैं जिनका नाक, कान, गला विभाग द्वारा निःशुल्क एवं सफल उपचार किया जाता है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS,DCH,DNB — शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS,DNB,Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले — MBBS,DCH,DNB — नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS,MS (General Surgeon) — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS,DNB,Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि — दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780,8224007799,9425583780,9406183780
8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

## संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज के महिला समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय सर्व ब्राह्मण संभाग के महिला इकाई की बैठक रविवार को संभागीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में राम मंदिर भजनाश्रम में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों को विभिन्न जिलों में संगठन के विस्तार सहित अन्य कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक के प्रारंभ में सभी सदस्यों ने मां महामाया की सस्वर आरती की तथा सभी ने एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया। सदस्यों ने वर्तमान परिस्थितियों में संगठन के विस्तार को आवश्यक बता रणनीति बनाई। इस



दौरान सर्वसम्मति से समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती देवकी त्रिपाठी को सरगुजा, जशपुर एवं बलरामपुर तथा श्रीमती ज्योति द्विवेदी को सूरजपुर, कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़ जिले में संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी तरह सचिव श्रीमती नीलम शर्मा को बलरामपुर, सूरजपुर, श्रीमती ममता तिवारी को सरगुजा, मनेन्द्रगढ़, श्रीमती शशिकला तिवारी को सूरजपुर, कोरिया, सह सचिव श्रीमती अल्पना मिश्रा को कोरिया, सूरजपुर, श्रीमती प्रियंका चौबे को जशपुर, बलरामपुर, श्रीमती वीणा दुबे एवं स्मिता तिवारी को सरगुजा एवं मनेन्द्रगढ़ में संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पदाधिकारियों ने सर्वसम्मित से अर्चना दीक्षित को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा। इस दौरान हर सप्ताह शहर के अलग-अलग वार्डों में रामायण, हनुमान चालीसा, शिवमंत्र जप आयोजित करने एवं अधिक से अधिक समाज की महिलाओं से संपर्क कर संगठन से जोड़ने एवं निकट भविष्य में पुरोहितों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। इस दौरान समाज के संभागाध्यक्ष आईबी तिवारी, आचार्य दिनेश मिश्रा, वीरेन्द्र त्रिपाठी, नरेन्द राज दुबे, विवेक तिवारी आदि उपस्थित थे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज विभिन्न बैठकों में करेंगे शिरकत

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जशपुर व सरगुजा जिले के उपरांत 24 मार्च जिले के तीनों विधानसभाओं में पंचायत व बूथ कमेटी तक पहुंचेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में जिले में व्यापक तैयारियां की जा रही है। 24 मार्च को अंबिकापुर से सूरजपुर जिले में श्री बैज कल्याणपुर, पंपापुर व प्रतापपुर होते हुए प्रतापपुर विधानसभा के खोरमा में बूथ व पंचायत कमेटियों की बैठक में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत जरही, भटगांव व बतरा होते हुए भटगांव विधानसभा के बरपारा में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। बिश्रामपुर होते हुए सूरजपुर जिला मुख्यालय में स्थानीय सेवा कुंज में शाम आहूत कार्यकर्ताओं से भेट-मुलाकात कार्यक्रम में जिले के अन्य क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

### रेहर-गायत्री-केतकी भूमिगत खदान में वर्षों से कार्यरत 32 कोल कर्मचारियों का प्रमोशन

**बिश्रामपुर।** रेहर भूमिगत खदान में वर्षों से मेहनत कर रहे दैनिक वेतनभोगी कोल कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है, एसईसीएल प्रबंधन ने 32 कोल कर्मचारियों के लिए पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। 22 मार्च को जारी हुए निर्णय एनसीडब्ल्यूए-11 की कंडिका 2.11.1 के तहत लिया गया है, जिसके अनुसार लंबे समय से एक ही पद श्रेणी में कार्यरत कर्मचारियों को निर्धारित अवधि के बाद पदोन्नति का लाभ दिया जाता है। रेहर, गायत्री और केतकी सहक्षेत्र में कार्यरत ये सभी कोल कर्मचारी पिछले 7-8 वर्षों से भूमिगत और सरफेस दोनों क्षेत्रों में लगातार सेवाएं दे रहे थे।जारी आदेश के अनुसार सभी कर्मचारियों की पदोन्नति 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी गई है,इसमें ड्रिलर, बीसीएम, सपोर्ट मिस्त्री, जनरल असिस्टेंट, इलेक्ट्रिकल हेल्पर, मैकेनिकल हेल्पर और सर्वे मजदूर जैसे विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मियों को अगली श्रेणी में उन्नयन दिया गया है,जारी हुई सूची में क्रमशः विजय कुमार, रामनाथ, जीवन लाल, कृपाल सिंह, बसंत लाल, पुनीराम, मुन्शी, कौशल, बजरंग, चन्द्रकेश्वर, टेकराम, लालसाय, सुरेन्द्र सिंह, ईश्वर प्रसाद, तीरथ राम, सुखलाल, अमित यादव, रमेश चन्द्र, नान्हूराम, गौतम, कैलाश, गोपाल सिंह, विजयनाथ, महेंद्र कुमार, सुभाष, राजेश प्रसाद सिंह, रेवल सिंह, शिवप्रसाद, सुरेन्द्र कुमार और अन्य कर्मचारीयों के नाम शामिल हैं। कई श्रमिकों ने कहा कि वर्षों से एक ही पद पर काम करने के बावजूद उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और यह फैसला उनके आत्मविश्वास को और मजबूत करेगा।

## विभाग ने वन प्रबंधन समिति को किया संचालन से पृथक

# संजय वन वाटिका के अस्तित्व पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आवारा कुत्तों के हमले में 24 घंटे के भीतर 15 हिरणों की मौत होने के बाद संजय वन वाटिका का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

**खास बात**
- शासन के निर्देश पर दो उच्च स्तरीय दल गठित

एक साथ 15 हिरणों की मौत को लेकर शासन भी गंभीर हो गया है तथा मुख्यवन संरक्षक (सामान्य) एवं मुख्य वन संरक्षक वाइल्ड लाइफ के नेतृत्व में अलग-अलग दो उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

सरगुजा वनमण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत द्वारा फॉरेस्ट एसडीओ के नेतृत्व में गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। जांच रिपोर्ट में वाटिका की देखरेख के लिए तैनात वनकर्मियों एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद विभाग ने वन प्रबंधन समिति शंकरघाट को वाटिका के संचालन से पृथक कर दिया है। वन प्रबंधन समिति वर्ष 2000 से वाटिका का संचालन करने के साथ ही वन्यजीवों एवं पक्षियों की देखरेख कर रही थी। समिति के लगभग 15 सदस्य अल्प मानदेय से अपनी रोजीरोटी चला रहे थे। समिति को वाटिका संचालन कार्य से पृथक करने के बाद निकट भविष्य में इसका संचालन शुरू हो सकेगा इसकी संभावना कम ही है। घटना के बाद वन अधिकारियों ने वाटिका परिसर को सेनिटाइज करने के उद्देश्य आगामी तीन दिनों तक बंद रखने की घोषणा की थी लेकिन समिति को पृथक करने के बाद अब इसके अस्तित्व एवं नियमित संचालन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। संजय वन वाटिका में सेंट्रल जू अथॉरिटी की मान्यता के बिना रेस्क्यू सेंटर संचालित करने का खुलासा होने के बाद विभाग के अधिकारी एक नए संकट से घिर गए हैं तथा इसके कानूनी पक्षों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। भविष्य में संजय वन वाटिका में रेस्क्यू सेंटर संचालित होगा या नहीं यह भी फिलहाल स्पष्ट नहीं है। समिति को पृथक करने के बाद वाटिका में निवासरत पशु-पक्षियों को भी भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है।



### सैंपल भेजा जाएगा बरेली

वन मण्डलाधिकारी श्री जोगावत ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में हिरणों की मौत कुत्तों के काटने से होने की पुष्टि हुई है। मृत हिरणों के गले एवं जांघों में कुत्तों के दांत के 2 सेमी गहरे घाव मिले हैं। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए विभाग ने सभी मृत हिरणों के बिसरे को अलग-अलग पात्र में संरक्षित रखा है। मौत के कारणों को जानने विभाग ने हिरणों को दिए जा रहे आहार का भी नमूना चिकित्सकों से संरक्षित कराया है तथा सभी नमूनों को जांच के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान केंद्र भेजा जा रहा है।

### दो उच्च स्तरीय जांच दल गठित

आवारा कुत्तों के हमले में एक साथ 15 हिरणों की मौत होने के मामले को शासन ने भी गंभीरता से लिया है। प्रमुख वन संरक्षक ने मुख्य वन संरक्षक (सामान्य) एवं मुख्य वन संरक्षक वाइल्ड लाइफ के नेतृत्व में दो अलग-अलग जांच समिति गठित की है। दोनों जांच समितियां अपनी रिपोर्ट प्रधान मुख्य वन संरक्षक को सौंपेगी। जांच में वरिष्ठ अधिकारियों की लापरवाही सामने आने पर अन्य वन अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

### बढ़ सकती है समस्या

विभाग ने फिलहाल संजय वन वाटिका का संचालन बंद कर दिया है जिसके कारण हर दिन सैंकड़ों पर्यटक निराश होकर लौट रहे हैं। मैदानी वनकर्मियों के निलंबित होने एवं समिति को पृथक करने के बाद वाटिका में रह रहे 16 हिरण बड़ी संख्या में मोर-मोरनी सहित अन्य पशु-पक्षियों को समय पर चारा-पानी देने का संकट उत्पन्न हो गया है। भीषण गर्मी के बीच पशु-पक्षियों की देखरेख में मामूली सी लापरवाही भी विभाग के लिए बड़ा संकट उत्पन्न कर सकता है। वन अधिकारी वाटिका के पिछले हिस्से के क्षतिग्रस्त घेरावे को तत्काल दुरूस्त कराने का दावा कर रहे हैं।

**सरगुजा में नहीं है रेस्क्यू सेंटर**

वन विभाग द्वारा हाथियों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए रमकोला में हाथी पुनर्वास केंद्र की स्थापना की गई है साथ ही सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अन्य वन्य जीवों के लिए सरगुजा संभाग में कहीं भी रेस्क्यू सेंटर की स्थापना नहीं की गई है। सरगुजा में पानी की तलाश में आए दिन हिरण भटककर आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाते हैं तथा कुत्तों के हमले में घायल हो जाते हैं। संभाग के सभी वन मण्डलों से ऐसे घायल वन्य जीवों को संजय वाटिका में लाया जाता था। हालांकि घायल वन्य जीवों की चिकित्सा के लिए वाटिका में कोई पशु चिकित्सक नियुक्त नहीं है।

### जांच के लिए भेजा जा रहा बिसरा

मृत हिरणों का बिसरा एवं आहार जांच के लिए बरेली लैब भेजा जा रहा है। वन प्रबंधन समिति को पृथक कर दिया गया है। भविष्य में वाटिका में रेस्क्यू सेंटर संचालित होगा या नहीं इसका निर्णय अभी नहीं लिया गया है। पीसीसीएफ द्वारा दो उच्च स्तरीय जांच दल गठित किया गया है।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा

## ईंट लोड ट्रैक्टर से टकराई बाइक, सवार की मौत

**लखनपुर।** नेशनल हाईवे 130 नवापारा के समीप ईंट लोड ट्रैक्टर से बाइक सवार टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मौके पर ही अचेत हो गया। घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चरणदास आ. लड्डू दास शादी के बाद पत्नी के साथ घर जमाई के रूप में लगभग 6 वर्ष से ग्राम जजगा में रह रहा था। 22 मार्च की रात अपने ससुर को लेने बाइक से मंदिर गया हुआ था वहीं ससुर के व्यस्त होने के कारण नवापारा की तरफ घूमने चला गया। नवापारा से वापस ग्राम जजगा आते समय रात लगभग 8 बजे नवापारा घाट के समीप नेशनल हाईवे 130 रोड में बिना किसी संकेतक के गलत तरीके से ईंट लोड ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल एंबुलेंस से उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर मामले की जांच में जुटी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




## सिलफिली -लटोरी मार्ग स्थित पुलिया से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत, तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल

बिश्रामपुर। ग्राम सिलफिली गोंडपारा स्थित मधुवन के पास बीती रात पुलिया से टकराकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य युवकों को गंभीर चोट आई है।

- घायलों को जिला अस्पताल सूरजपुर कराया गया भर्ती
- देर रात एक ही बाइक में सवार होकर चारों युवक कनकपुर गांव स्थित घर को लौट रहे थे

जानकारी के अनुसार देर रात एक ही बाइक में चारों युवक सवार होकर घर को लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कनकपुर निवासी 17 वर्षीय हीरासाय पिता हरि प्रसाद अगरिया रविवार को बिश्रामपुर में मजदूरी कार्य करके अपने पड़ोसी बड़कू के साथ वापस घर लौट आया था। यहां पर युवक पुनः अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 एडी 0744 में घर से निकला था जो रात को वापस घर नहीं लौटा। सोमवार की



सुबह पड़ोसी बड़कू ने युवक के पिता को सूचना दिया कि हीरासाय अगरिया सिलफिली-लटोरी मुख्य मार्ग पर मधुवन के समीप पुलिया के पास मृत पड़ा हुआ है। सूचना पर परिजन ने पुलिस को सूचना देते हुए मौके पर पहुंचे यहां पर शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम किया गया एवं विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया मृतक के परिजन के अनुसार युवक पड़ोसी व अन्य तीन साथियों के साथ लटोरी गया था जहां से पड़ोसी बड़कू तो घर लौट आया लेकिन चारों युवक वहीं रुक गए थे। इसके पश्चात देर रात चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे तभी दुर्घटना के शिकार हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में बाइक सवार हीरा साय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य सवार युवक करन, सुनील व एक अन्य युवक को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया गया है।

